संख्या-4/3563/71-2-14-पी-36/2009

प्रेषक

अरिन्दम भट्टाचार्य
विशेष सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक
सेन्टर ऑफ बायोमेडिकल रिसर्च,
लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-2 **लखनऊ : दिनांक 17 नवम्बर, 2014**

विषय:- वित्तीय वर्ष 2014-15 में आयोजनागत पक्ष में सेन्टर के अपरिहार्य आकस्मिक व्ययों को वहन करने हेतु वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय में आपके पत्र संख्या-सी0बी0एम0आर0/बजट 2014-15/1449, दिनांक 12-9-2014 के सन्दर्भ में तथा शासनादेश संख्या-3068/71-2-14-पी0-36/2009, दिनांक 29 अगस्त, 2014 के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सेन्टर ऑफ बायोमेडिकल रिसर्च, लखनऊ के वित्तीय वर्ष 2014-15 के आयोजनागत पक्ष में 20–सहायता अनुदान-सामान्य (गैर वेतन) मद में प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष अवशेष धनराशि रू0 1,81,00,000/- (रूपया एक करोड इक्यासी लाख मात्र) की श्री राज्यपालश्री सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

2- उक्त धनराशि की स्वीकृति इस शर्त सहित प्रदान की जा रही है कि मानक मद 20-सहायता अनुदान-सामान्य (गैर वेतन) से स्वीकृत धनराशि का प्रत्येक मास में आहरण एवं व्यय आवश्यकतानुसार एवं नियमानुसार किया जायेगा।

3- वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 22-7-2014 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन किया जायेगा।

4- यह धनराशि उसी मद में खर्च की जायेगी जिसके लिये इसकी स्वीकृति दी जा रही है। अन्य मद में खर्च वित्तीय अनियमितता मानी जायेगी। स्वीकृत धनराशि का व्यय विवरण निर्धारित प्रारूप पर शासन को उपलब्ध कराया जाय। इसके अभाव में अनुदान की आगामी किस्त निर्गत करना सम्भव नहीं होगा।

5- धनराशि को कोषागार से वित्त अधिकारी, सी0बी0एम0आर0, लखनऊ द्वारा आहरित किया जायेगा तथा कोषागार से आहरण हेतु बिलों पर महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ के प्रतिहस्ताक्षर प्राप्त किये जायेगें ।

6- उक्त व्यय वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-31-चिकित्सा विभाग (चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण) के लेखाशीर्षक-"2210-चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य-आयोजनागत-05-चिकित्सा शिक्षा-प्रशिक्षण तथा अनुसंधान-105-एलोपैथी-03-शिक्षा-0312-सेन्टर ऑफ बायोमेडकल रिसर्च, लखनऊ-20-सहायता अनुदान–सामान्य (गैर वेतन)" के नामे डाला जायेगा।

7- यह आदेश वित्त विभागयके अशासकीय संख्या–ई-3/2394/दस-2014, दिनांक 12 नवम्बर, 2014 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(अरिन्दम भट्टाचार्य)
विशेष सचिव।

http://upasanadesh.up.nic.in

संख्या-4/3563/71-2-2014 तददिनांक-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदरी) प्रथम दितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2. कोषाधिकारी, लखनऊ।
3. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
4. वित्त अधिकारी, सी0बी0एम0आर0, लखनऊ।
5. वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-3/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-2/नियोजन अनुभाग-4
6. स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0।
7. प्रभारी अधिकारी, एन0आई0सी0, छठा तल, योजना भवन को चिकित्सा शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर प्रदर्शन करने हेतु।
8. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(ऋषिकेश दुबे)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in